# कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम, छ.ग.

Phone 07741-232895, Fax No. 07741-232987, E-Mail : zp-kawardha.cg@nic.in

क्रमांक/3169/जि.पं./आ.वि.का./फेलो/2023 कबीरधाम, दिनॉक – 16/09/2023

प्रति,

महाप्रबंधक
छत्तीसगढ़ संवाद
रायपुर

विषय :– आकांक्षी विकासखण्ड कार्यकम हेतु Aspirational Block Fellow की नियुक्ति हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू की सूचना प्रकाशन बाबत्।

––00––

जिला कबीरधाम हेतु आकांक्षी विकासखण्ड कार्यकम के लिए Aspirational Block Fellow **01** पद की नियुक्ति हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से भरे जाने की विज्ञप्ति संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित हैं। कृपया विज्ञप्ति को प्रदेश के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक पढ़े जाने वाले दो प्रमुख राज्य/जिला स्तरीय दैनिक समाचार पत्र में न्यूनतम दर एवं आकार में प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

संलग्न :– सहपत्र।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कबीरधाम

पृ.क्रमांक/3170/जि.पं./आ.वि.का./फेलो/2023 कबीरधाम, दिनॉक – 16/09/2023

प्रतिलिपिः–

1. संचालक एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम आर्थिक एवं सांख्यिकी, संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग को सादर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर जिला कबीरधाम को सादर सूचनार्थ।
4. जिला चयन समिति (सर्व) ............................................................ को सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक, जिला जनसंपर्क कार्यालय कबीरधाम को सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कबीरधाम को सूचनार्थ एवं उक्त प्रेस विज्ञप्ति को व्यापक प्रचार प्रसार के लिए विभागीय वेबसाईट https://kawardha.gov.in में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कबीरधाम

Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक / 3171 / आकांक्षी ब्लॉक / 2023 कबीरधाम दिनांक 16 / 09 / 2023

जिला कबीरधाम में आकांक्षी विकासखण्ड फेलो के 01 पद की भर्ती हेतु दिनांक 26.09.2023 को प्रातः 09 से 12 बजे तक जिला पंचायत कबीरधाम में **Walk In Interview** आयोजित है। आवेदन प्रपत्र एवं नियुक्ति संबंधी विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.kawardha.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कबीरधाम

Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम (छ.ग.)

Phone 07741-232895, Fax No. 07741-232987, E-Mail : zp-kawardha.cg@nic.in

क्रमांक / 3171 /जि.पं./आ.वि.का./फेलो/2023 कबीरधाम, दिनांक – 16/09/2023

## कबीरधाम जिला हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो की नियुक्ति हेतु

## विज्ञप्ति सूचना

Mission Director, Aspirational District & Block Programme,NITI Aayog, Govt.of India के circular on Key Initative under Aspirational Blocks Progremme दिनांक– 25.08.2023 में निहित शर्तो के अनुरूप कबीरधाम जिला में आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम हेतु Aspirational Block Fellow की 01 वर्ष के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन विहित प्रपत्र में निम्न रूपेण आमंत्रित किया जाता है।

पद का नाम – आकांक्षी ब्लॉक फेलो
मानदेय – 55000/– प्रतिमाह स्टायपंड

| क्र. | रिक्त पद का विवरण | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | आकांक्षी ब्लॉक फेलो | 01 | स्नातकोत्तर उत्तीर्ण (किसी भी विषय में) |

भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नानुसार होगी :–

1. आवेदनकर्ता की आयु 01 जनवरी 2023 को 21 वर्ष से 35 वर्ष तक होनी चाहिए। छ.ग.शासन द्वारा छ.ग. के मूल निवासियों को आयु सीमा में 05 वर्ष अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी।
2. इन पदों की भर्ती वाक–ईन–इन्टरव्यू के माध्यम से किया जायेगा।
3. उपरोक्त पदों पर आवेदन के समय मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र व पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन फार्म के साथ अनिवार्यतः संलग्न करें एवं मूल प्रमाण पत्र साथ में लावें।
4. आवेदक को हिंदी, अंग्रेजी बोलना एवं लिखना आना चाहिए।
5. आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल (Presentation Skills) होना चाहिए।
6. सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना चाहिए।
7. परियोजना प्रबंधन कौशल होना चाहिए।
8. उक्त पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना एवं मुख्यालय में निवास करना अनिवार्य होगा।
9. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर जिला कबीरधाम को होगा जो सभी आवेदकों के लिए बाध्यकारी होगा।
10. यह भर्ती नियुक्ति दिनांक से 01 वर्ष के लिए होगी।
11. आवेदक को नियुक्ति प्रकिया में भाग लेने के लिए दिनांक 26/09/2023 समय प्रातः 9 से 12 बजे तक जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। समय अवधि के बाद उपस्थित अभ्यर्थी को मान्य नहीं किया जायेगा।
12. चयन प्रक्रिया के दौरान अनुशासनहीनता तथा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर तत्काल आपके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जावेगा।
13. उक्त चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
14. Walk-in-interview के समय निम्न अभिलेखो की मूलप्रति के साथ अभ्यर्थी को उपस्थित होना अनिवार्य है–
    - 10 वीं बोर्ड परीक्षा की अंक सूची।
    - 12 वीं बोर्ड परीक्षा की अंक सूची।
    - स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त सेमेस्टर/वर्षो की अंकसूची /उपाधि
    - संबंधित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अंक सूची (प्रोविजनल एवं अपूर्ण पंजीयन वाले आवेदन मान्य नहीं होंगें।)
    - फेलोशीफ संबंधी प्रमाण पत्र/दस्तावेज
    - मूल निवारी प्रमाण पत्र।

Scanned with CamScanner

- अनुभव प्रमाण पत्र– भारत सरकार/छत्तीसगढ़ शासन के विकास कार्यक्रमों के अनुभवधारी को प्राथमिकता दी जावेगी।
- उक्त अभिलेखों छायाप्रति का एक स्वप्रमाणित सेट अभ्यार्थियों को पंजीयन के समय प्रस्तुत करना होगा।
- पहचान पत्र (मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड/पेन कार्ड/स्मार्ट कार्ड इत्यादि) की मूल प्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा।

चयन प्रक्रिया :– प्राप्त आवेदन पत्रों की निम्नानुसार अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाई जावेगी।

| क्र. | मेरिट सूची हेतु आधार | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर में प्राप्तांक | 20 अंक |
| 2 | ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यक्रम भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा फ्लोशीप/डिप्लोमा | 01 वर्ष में 10 अंक,<br>02 या अधिक में 20 अंक |
| 3 | समस्या समाधान/ कम्प्यूटर संबंधी कौशल परीक्षा | 30 अंक |
| 4 | साक्षात्कार | 30 अंक |
|  | कुल अंक | 100 अंक |

नोट :– 1. प्रथम 1 व 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाकर प्रथम 20 अभ्यार्थियों को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु बुलाया जावेगा।

2. अंतिम मेरिट सूची उपरोक्त चयन प्रक्रिया में दर्शित अंकों के अनुसार योग कर सर्वाधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा।

**साक्षात्कार दिनांक :– 26.09.2023, साक्षात्कार स्थलः– जिला पंचायत कबीरधाम**

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं सत्यापन | प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| पात्र/अपात्र की सूची जारी | दोप. 1:00 बजे |
| जारी सूची में दावा आपत्ति का समय | 1:00 बजे से 1:30 बजे तक |
| कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु 1:20 अभ्यर्थियों की सूची जारी | 2:00 बजे |
| कौशल परीक्षा/साक्षात्कार | 3:00 बजे से 5:00 बजे तक |
| अंतिम परिणाम जारी | सायं 5:30 बजे |

इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता अनुसार जिले के वेबसाईट https://kawardha.gov.in पर अवलोकन कर सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कबीरधाम

पृ.क्रमांक/ 3172 /जि.पं./आ.वि.का./फेलो/2023 कबीरधाम, दिनॉक – 16/09/2023

प्रतिलिपिः–

1. संचालक एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम आर्थिक एवं सांख्यिकी, संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग को सादर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर जिला कबीरधाम को सादर सूचनार्थ।
4. जिला चयन समिति (सर्व) .......................................................... को सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक, जिला जनसंपर्क कार्यालय कबीरधाम को सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कबीरधाम को सूचनार्थ एवं उक्त प्रेस विज्ञप्ति को व्यापक प्रचार प्रसार के लिए विभागीय वेबसाईट https://kawardha.gov.in में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कबीरधाम

Scanned with CamScanner